मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26,किसान भवन,अरेरा हिल्स,भोपाल

स्मरण–पत्र

क्रमांक–बोर्ड / मण्डी प्रांगण / विविध / 576 भोपाल, दिनांक 17/06/2015

प्रति,

संयुक्त संचालक / उप संचालक
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
आंचलिक कार्यालय ....(समस्त)

विषयः–माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा मण्डी के कार्यो की समीक्षा।
संदर्भः– कार्यालयीन पत्र क्रमांक–बोर्ड / मण्डी प्रांगण / विविध / 569 दि. 09/06/2015

0000

विषयांकित संदर्भित पत्र का अवलोकन हो, जिसमें उल्लेख किया गया था कि माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा मण्डी के कार्यों की समीक्षा की जाएगी। समीक्षा में निम्नांकित बिन्दु पावर पाइन्ट प्रजेन्टेशन के रूप में बनाये जाएंगें। अतः आपके संभागान्तर्गत मण्डियों की निम्न बिन्दु की जानकारी दिनांक 10.06.2015 तक चाही गयी थी। जो आज दिनांक तक अपेक्षित है।

(01) प्रांगण शाखा :–

1. मण्डी / उपमण्डियों में कितने नामान्तरण (राजस्व अभिलेख में मण्डी के नाम दर्ज) किये गये उनकी जानकारी जिलेवार भेजी जाए कि पुराने नामांतरण कितने वर्षो से लम्बित थे, कुल लम्बित प्रकरणों की संख्या एवं विगत मार्च, 2014 से आज दिनांक तक कितने मण्डी समितियों के नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये गये, की संख्या मण्डी / उपमण्डीवार।
2. मण्डी / उपमण्डी प्रांगणों में निर्मित संरचना (गोदाम, शाप–कम–गोदाम, सेण्ड्रीशाप, केण्टीन) बकाया किराये की वसूली कितनी की गयी। मार्च, 2014 से आज दिनांक तक मण्डीवार राशि एवं कुल राशि।
3. मण्डी / उपमण्डी प्रांगण में मार्च 2014 से कितने गोदाम, शाप–कम–गोदाम,प्लाट नीलाम किये गये। मण्डीवार कुल निर्मित संरचना एवं प्लाट की संख्या की जानकारी।
4. मण्डी / उपमण्डी प्रांगण में मार्च 2014 में कितने अतिक्रमण थे एवं मार्च, 2014 से आज दिनांक तक कितने अतिक्रमण हटाए गए मण्डीवार जानकारी।

(02) नवीन मण्डी शाखा :–

1. कितनी नवीन मण्डियों की स्थापना की गयी।
2. सी.एम. घोषणा कितनी पूर्ण की गई।

अतः उपरोक्त वांछित जानकारी सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आज ही अनिवार्य रूप से ई–मेल के माध्यम से भेजी जाना सुनिश्चित करें। विलम्ब के लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।

16/6/15

अपर संचालक(प्रांगण)
म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल